Jaipur, Thursday, 30 October 2025 | @Fair Report | @Fair_report | @fairreportnews | @Fair report | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 56 | Pages 04 | ₹3.00

FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN





# President Takes Maiden Sortie on Rafale Jet

## Calls It a "Proud and Unforgettable Experience"

FAIR REPORT

**Ambala** | In a powerful message of confidence in India's defence preparedness, President Droupadi Murmu on Tuesday undertook her maiden sortie in the Rafale fighter aircraft at the Air Force Station, Ambala. The flight, lasting nearly 30 minutes, marked a historic moment—symbolising both national pride and the growing strength of the Indian Air Force (IAF). After completing the sortie, President Murmu described the experience as "unforgettable" and expressed deep admiration for the professionalism and courage of the country's air warriors. "This first flight on the potent Rafale aircraft has instilled in me a renewed sense of pride in the nation's defence capabilities. I congratulate the Indian Air Force and the entire team of Air Force Station, Ambala, for organising this sortie successfully," she wrote in her message. The sortie was conducted under the supervision of senior IAF officers, with the President donning a G-suit and undergoing a detailed pre-flight briefing on safety protocols and operational systems. The Rafale, known for its advanced avionics, precision strike capability, and agility, represents a critical component of India's modern air power. Defence officials noted that the President's participation underscores India's commitment to strengthening indigenous defence capabilities and inspiring confidence in the armed forces. The event also highlights the growing role of women in the highest echelons of the country's defence and decision-making institutions. As the Supreme Commander of the Armed Forces, President Murmu's flight in the Rafale is not merely ceremonial—it serves as a powerful symbol of trust in India's air power, technological advancement, and the unwavering dedication of the men and women safeguarding the nation's skies.

## CM Reviews Birsa Munda Anniversary Preparations




FAIR REPORT

**Jaipur:** Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma chaired a high-level review meeting at the Chief Minister's Office to assess preparations for the upcoming celebrations marking the 150th birth anniversary of Bhagwan Birsa Munda. The Chief Minister emphasized that the occasion would be observed as part of the 'Janjati Gaurav Varsh' (Tribal Pride Year) across the state from November 1 to November 15, 2025.

During the meeting, CM Sharma directed senior officials to ensure that the commemoration is organized in a grand and inspirational manner, highlighting Birsa Munda's contributions to India's tribal identity, freedom struggle, and social upliftment. He stressed that every initiative under this campaign should reflect the spirit of tribal pride, self-respect, and empowerment, ensuring that the legacy of Bhagwan Birsa Munda reaches every citizen of Rajasthan. Various programs — including cultural events, awareness drives, exhibitions, educational seminars, and innovation-based activities — will be held across all districts during the fortnight. The Chief Minister instructed departments to work in close coordination to guarantee the smooth and impactful execution of each event.

# India and Nepal Strengthen Energy Ties with Major Power Cooperation Agreements

FAIR REPORT



**New Delhi** | In a landmark development for regional energy connectivity, India and Nepal on Tuesday signed a series of key agreements aimed at significantly boosting cross-border electricity cooperation. The pact, sealed between POWERGRID Corporation of India Limited (PGCIL) and the Nepal Electricity Authority (NEA), will pave the way for the construction of two new 400 kV transmission lines—Inaruwa–New Purnea and Lamki–Bareilly. These high-capacity corridors are designed to enhance the reliability and volume of power exchange between the two nations, reinforcing their shared commitment to sustainable growth and energy security. Officials said the projects will not only ensure a smoother electricity flow but also help balance seasonal demand and supply in both countries. The Inaruwa–New Purnea line will strengthen grid stability in eastern Nepal and Bihar, while the Lamki–Bareilly connection will link western Nepal to India's northern grid, expanding cross-border electricity trade.

Speaking at the signing, representatives from both sides hailed the agreements as a milestone in regional cooperation. The move aligns with the India–Nepal Joint Vision Statement on Power Sector Cooperation, which envisions long-term collaboration in generation, transmission, and trade of electricity.

Energy experts believe the deal will help Nepal harness its vast hydropower potential while allowing India access to clean, renewable energy from its Himalayan neighbour. The initiative also marks a key step toward developing a South Asian power grid, fostering greater regional interdependence and economic integration.

## India, Japan Strengthen Ties Under Takaichi

FAIR REPORT



**New Delhi** : In a significant diplomatic engagement, Prime Minister Narendra Modi held a warm and forward-looking conversation with Sanae Takaichi, the newly appointed Prime Minister of Japan, marking the beginning of a new phase in the India–Japan Special Strategic and Global Partnership. Prime Minister Modi congratulated Takaichi on assuming office and reaffirmed India's commitment to deepening ties across key areas including economic security, defence cooperation, and talent mobility. The leaders emphasized that the partnership between Asia's two leading democracies is not only vital for regional stability but also crucial for ensuring a free, open, and rules-based Indo-Pacific. According to sources, both sides underlined the need to enhance supply chain resilience, emerging technology collaboration, and defence industrial partnerships, reflecting shared concerns over global economic volatility and security challenges. Modi and Takaichi also discussed expanding cooperation in semiconductors, clean energy, and infrastructure development, building on the success of ongoing projects like the Mumbai–Ahmedabad High-Speed Rail.

## India Stands Strong Amid Global Turmoil



FAIR REPORT

**New Delhi:** As the world grapples with escalating geopolitical tensions, trade disruptions, and shifting global supply chains, India has positioned itself as a symbol of stability, strategic autonomy, and inclusive growth. With major economies facing turbulence, India's balanced diplomatic approach and consistent economic reforms have reinforced its image as a trusted global partner and a resilient growth engine. Experts note that while conflicts in various regions have unsettled global markets, India's focus on peaceful engagement, sustainable development, and digital innovation has strengthened investor confidence. Its diversified trade strategy — spanning partnerships in energy, technology, and manufacturing — underscores the nation's intent to safeguard its economic sovereignty while contributing to global prosperity. Under its "Act East" and "Neighbourhood First" policies, India continues to promote regional cooperation, while its leadership in the Global South has amplified its moral and diplomatic influence. By balancing ties with global powers and championing equitable growth, India today stands as a pillar of calm and credibility in an increasingly fragmented world order — offering a vision where progress and peace coexist in mutual strength.

### 25 passengers rescued after vehicle gets stuck in swamp; claim rescue was handled unsafely

# Tourists' Bus Stopped Face-to-Face with Tiger

FAIR REPORT



**Jaipur:** A tiger sighting turned into a frightening experience for tourists at Jaipur's Nahargarh Biological Park when their safari vehicle got stuck on a swampy track. Around 25 tourists, including seven children, were trapped for half an hour as the tiger sat just a few metres away. The group was eventually rescued safely by the forest department, though tourists later accused the staff of negligence and risking their lives.

**Tiger appears as vehicle gets stuck :** During a Sunday safari, the wheel of a canter (tourist vehicle) got stuck on the muddy track inside the park. While the driver and guide tried to free it, a tiger suddenly appeared and sat on a rock right in front of the canter. for nearly 30 minutes, the tiger remained in front of the vehicle, watching quietly. The tourists, terrified, stayed completely still inside.

**Forest team rescues tourists**

The forest department team arrived after about half an hour. They managed to rescue all the tourists safely and transfer them to another vehicle. However, tourists claim the rescue was unsafe. They said they were asked to walk about 20 metres on foot to reach the second canter — right inside the tiger's territory. A video of the incident, showing the tiger sitting calmly in front of the stranded canter, has now gone viral. Photos also show the tiger strolling near the tourists as forest officials worked to arrange their rescue.

### Tourists allege negligence

One of the tourists, Ujjwal Sharma, said that he tried calling the forest officials for help, but no one answered for a long time. He alleged that when the officials finally came, they made the tourists get down and walk through the area where the tiger had been seen. Sharma also claimed that he had recorded videos of the incident, but the ranger and officers forced him to delete them. Later, those videos were reportedly recovered.

### Officials deny wrongdoing

Assistant Conservator of Forests (ACF) Devendra Rathore confirmed that the canter had gone off the track on Sunday. He said the rescue was carried out by creating a safe corridor, and all tourists were moved to another vehicle without harm. Rathore explained that there is still water around the tiger's zone, leading to swampy and slippery conditions in many parts of the safari route.

FAIR RAJASTHAN
FAIR REPORT 02

**बिहार चुनाव :** भाजपा के लोगों में घमंड आ गया, लोकतंत्र में घमंड उचित नहीं, 20 साल बाद बिहार में बदलाव होना चाहिए

# गहलोत बोले- देश के लिए इंडिया गठबंधन की जीत बहुत जरूरी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बिहार चुनाव जीतना महागठबंधन के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए भी जरूरी है। यह चुनाव देश को मैसेज देने वाला है कि हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में क्या हुआ ? बुधवार को पटना रवानगी से पहले गहलोत ने मीडिया से कहा कि भाजपा के लोगों में घमंड आ गया है। लोकतंत्र में घमंड उचित नहीं है। मेरा मानना है कि 20 साल बाद बिहार में बदलाव होना चाहिए। महागठबंधन ने पूरी ताकत लगाई है। सब लोग एकजुट हैं। हम इसमें कामयाब होंगे।

बिहार चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा कि महागठबंधन का घोषणा पत्र कल जारी हुआ। उसमें 25 लाख रुपए की बीमा वाली घोषणा की गई, जो राजस्थान की सबसे पॉपुलर योजना थी। इसमें बिहार के बाशिंदों को मुफ्त इलाज मिलेगा। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव मिलकर और रैलियां करेंगे। तेजस्वी लगातार दौरे कर रहे हैं। कांग्रेस और गठबंधन के अन्य सहयोगी भी अच्छा काम कर रहे हैं। बिहार चुनाव की घोषणा से पहले राहुल गांधी ने जिस तरह से दौरे कर नरेटिव बनाया था, उसका फायदा इंडिया गठबंधन को मिलेगा।



### संविधान के मूल भावना पर चलें

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा केवल हिंदू-हिंदू कर वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहती है, जैसे कि दूसरी पार्टी के लोग हिंदू है ही नहीं। गहलोत ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि भाजपा को एक बार 31% वोट मिले थे, दूसरी बार 36% और तीसरी बार 37% वोट मिले। इससे साफ है कि 70 प्रतिशत लोगों ने भाजपा के खिलाफ वोट किया था तो फिर किस बात का घमंड है। भाजपा संविधान की मूल भावना के अनुसार चले। आज भाजपा और सरकार की आलोचना करने वाले को देशद्रोही कह दिया जाता है। सरकार में आलोचना सुनने का माद्दा होना चाहिए। ये तमाम बातें बिहार चुनाव में नरेटिव बनेंगी। गहलोत ने कहा कि भाजपा धनबल के जरिए सत्ता प्राप्त करना चाहती हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम लोगों के गले नहीं उतरा। महाराष्ट्र में चुनाव ही रहस्य बना है। भाजपा ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड और अन्य तरह से खूब फंड इकट्ठा किया है, जिसे वे चुनाव में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### नीतीश अब तक बदलते रहे सहयोगी

गहलोत ने कहा कि नीतीश कुमार 20 साल से बिहार की सत्ता में हैं, लेकिन बार-बार सहयोगी दल बदलते रहे। पहले जहां प्रधानमंत्री पद के दावेदार थे, अब वहां मुख्यमंत्री बनने लायक भी नहीं बचे हैं। भाजपा के लोग ही उन्हें सीएम का दावेदार नहीं मानते हैं। अमित शाह समेत भाजपा के कई नेता कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव बाद तय होगा। बिहार की जनता ने तय कर लिया कि नीतीश और एनडीए को सत्ता से हटाना है।

**RLP के स्थापना दिवस पर** बीकानेर में महारैली से किया शक्ति प्रदर्शन

# बेनीवाल बोले- वसुंधरा को 7 समंदर पार भेजा, अब भजनलाल की बारी है

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के स्थापना दिवस पर बीकानेर में महारैली करके शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान बेनीवाल ने बीजेपी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। साथ ही राजस्थान में अपराध, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को लेकर भजनलाल सरकार को निशाने पर लिया है।

बेनीवाल ने महारैली में आए लोगों से कांग्रेस और बीजेपी को खत्म करने की अपील करते हुए प्रदेश में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। बेनीवाल ने कहा कि मैं हर मुद्दे पर बोलता हूं। हमारे संघर्ष का परिणाम है कि जिस दिन अग्निवीर भर्ती आई थी तो 25 प्रतिशत को रखकर 75 प्रतिशत को वापस भेजने की बात आई थी। लेकिन सरकार को पीछे हटना पड़ा और मोदी





सरकार बोली, अब 75 को रख लेंगे, 25 बाहर भेज रहे हैं। जिस दिन मैंने दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया, वह 25 भी हट जाएगा। फिर पूर्व की तरह भारतीय सेना में भर्तियां होंगी। मैं हमेशा पूरी लड़ाई लड़ता हूं, कभी सेमीफाइनल नहीं खेलता हूं। मेरी आदत है कि मैं फाइनल लड़ाई लड़ता हूं। वसुंधरा के खिलाफ लड़ा था तब लोगों ने कहा था कि वसुंधरा आपको कुचल देगी, जेल में डाल देगी तो मैंने कहा कि इनको सात समुंदर पार भेज दूंगा और सात समुंदर पार उसी जगह भेज दिया, जहां उनके दोस्त ललित मोदी हैं। अब भजनलाल की बारी है।

### 'फोन टैपिंग में शामिल महत्वपूर्ण पद पर'

बेनीवाल ने कहा- पिछली कांग्रेस सरकार में फोन टैपिंग जैसे विवादों में शामिल थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सियासी संकट के दौरान उन्होंने अपने तीन विधायकों के साथ सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दिया था। हमारे तीन विधायक भाजपा के विधायकों के साथ खड़े थे, लेकिन तब कहा गया था कि जो फोन टैपिंग में शामिल अधिकारी हैं, उनका इलाज सत्ता में आकर किया जाएगा। आज वही अधिकारी महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हैं।

### ...ईडी-सीबीआई मेरे घर आ जाती

इस राजस्थान में मेरे साथ बहुत से नेता आए और मैदान छोड़कर भाग गए, लेकिन हनुमान पिछले 25 साल से पूरी जवानी सत्ता को ठोकर मारकर किसान और गरीबों के साथ खड़ा है। इस प्रदेश और देश के अंदर जब मेरी आवश्यकता पड़ी तो मैं लोगों के साथ खड़ा रहा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मुझे न तो कोई सत्ता अपनी तरफ मोड़ सकती है, न मेरी कोई रेड तय कर सकता है। अगर मैं कमजोर होता और दूसरे मामलों में होता तो अमित शाह और मोदी की ईडी-सीबीआई मेरे घर तक आ जाती। बेनीवाल ने बीजेपी सरकार को हटाने की अपील करते हुए कहा कि जब से भजनलाल आए हैं, अग्निदेवता नाराज हो गए हैं। इनको हटाना बहुत ही आवश्यक है। अगर यह दो साल रहे गए तो राजस्थान की स्थिति बिहार और उत्तर प्रदेश से भी खराब हो जाएगी।

## ब्रीफ खबरें

### देवनानी की पत्नी आईसीयू में भर्ती

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंद्रा देवी की तबीयत बुधवार सुबह अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में राजधानी जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने उनकी शुरुआती जांच की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। देवनानी के अस्पताल पहुंचने की खबर मिलते ही कई बड़े नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों का अस्पताल में आना-जाना शुरू हो गया। डॉक्टर पूरी तरह से उनकी निगरानी कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह जब परिजन घर पहुंचे तो इंद्रा देवी अचेत अवस्था में मिली थीं, जिसके बाद उन्हें एसएमएस अस्पताल लाया गया था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे और देवनानी की पत्नी इंदिरा देवनानी का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल में भर्ती कजाकिस्तान में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्र राहुल घोसलिया का भी हालचाल जाना।

### कई मेडिकल स्टोर पर छापा, ORS नाम से मिलते-जुलते ड्रिंक पकड़े



**जयपुर।** में ड्रग एवं फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने आज देर शाम शहर में अलग-अलग मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर एनर्जी ड्रिंक के पैकेट पकड़े हैं। ये ड्रिंक ओआरएस के नाम से मिलते-जुलते नामों से बेचे जा रहे थे, जिनको ओआरएस के मानकों के अनुरूप नहीं माना गया है। जयपुर सीएमएचओ डॉ. रवि शेखावत के मुताबिक, राजापार्क गली नंबर-8 स्थित इंडियन फार्मा सेल्स से 5 विभिन्न फ्लेवर वाले ड्रिंक के नमूने लेकर जांच के लिए भिजवाया गया। शेष 1 लाख 93 हजार 200 मिलीलीटर के पैकेट सीज किए गए। मानसरोवर मध्यम मार्ग स्थित अपोलो फार्मेसी पर भी फ्रूट ड्रिंक के 200-200 मिलीलीटर के टेट्रा पैक को भ्रामक तरीके से ओआरएस के रूप में बेचा जा रहा था, जहां टीम ने छापा मारकर अलग-अलग फ्लेवर के 77 पैकेट बरामद किए। उल्टी, दस्त में कमजोरी दूर करने के लिए ओआरएस का घोल बाजार में 10 रुपए का मिलता है। लेकिन ये लोग इन फ्रूट एसेंस वाले ड्रिंक के पैकेट 45 से 50 रुपए में बेच रहे थे।

### 'कांग्रेस के पास केवल राहुल गांधी, गांधी के विचार भाजपा के पास'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर तंज कसा है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के पास अब न तो कोई विचारधारा बची है और न ही कोई नेतृत्व। भाजपा ने कांग्रेस से सबकुछ छीन लिया है। महात्मा गांधी, सरदार पटेल और डॉ. अंबेडकर जैसी विभूतियों के विचार आज भाजपा आगे बढ़ा रही है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के पास आज केवल एक नाम है राहुल गांधी। वहीं मूल गांधी और उनके विचार आज भाजपा के पास हैं। मदन राठौड़ जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राठौड़ ने कहा- एसआईआर होना ही चाहिए, भारत किसी धर्मशाला की तरह नहीं है कि कोई भी आए, रहे और वोटर बनकर पैसे के लिए अपना मताधिकार बेच दे। एसआईआर का मतलब है जिसे इस राष्ट्र की चिंता हो, राष्ट्र के प्रति जिसमें पूर्ण रूप से निष्ठा हो, वो जो पूर्ण रूप से इस राष्ट्र को समर्पित हो, वो ही मतदाता बने।

## उपमुख्यमंत्री बोले- जिसे जो दायित्व दिया, वह उसका निर्वहन कर रहा है

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने दावा किया कि अंता उपचुनाव में भाजपा की जीत होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पार्टी ने जिस व्यक्ति या पदाधिकारी को जहां दायित्व दिया है, वह उस हिसाब से उसका निर्वहन कर रहा है। बैरवा मंगलवार रात को कोटा दौरे पर आए थे। वे यहां सर्किट हाउस में ठहरे। बुधवार को उन्होंने कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा व जिला अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद वे राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े



के साथ स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। समारोह के उपरांत वे बारां की अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के प्रचार में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा लोगों व जनता की सेवा करती है और राष्ट्र को प्रथम मानते हुए काम करती है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के जोरदार प्रयासों तथा आमजन के विश्वास से अंता सीट भारतीय जनता पार्टी ही जीतेगी। पत्रकारों ने पूछा कि एक सीट के लिए पूरी पार्टी को उतारना पड़ रहा है और कई मंत्रियों की ड्यूटी लगाई गई है, इस पर उन्होंने कहा- पार्टी जिस व्यक्ति या पदाधिकारी को जहां दायित्व देती है, वह उसका निर्वहन करता है। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में फैकल्टी के खाली पदों के सवाल पर बैरवा ने कहा- अभी वीसी की नियुक्ति हुई है। आने वाले समय में इन पदों पर भी नियुक्ति होगी।

## राज्य में पहली बार टाई ग्लोबल समिट, सीएम करेंगे एआई पॉलिसी को लॉन्च

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान को तकनीक और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ 4 से 6 जनवरी तक सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 'राजस्थान डिजिफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट' का आयोजन किया जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट, टाई वुमन ग्लोबल सेमीफाइनल, टाई यू फाइनल, गेमिंग हैकाथॉन और फिल्म फेस्टिवल जैसे आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डिजिफेस्ट की घोषणा करते हुए कहा कि यह समिट प्रदेश के स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स को वैश्विक मंच प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने दुनियाभर के उद्यमियों, निवेशकों और



इनोवेटर्स को जयपुर में होने वाली इस समिट में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। इस दौरान राज्य सरकार 'राजस्थान एआई पॉलिसी' लॉन्च करेगी, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी आधारित नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके। पहली बार टाई ग्लोबल समिट जयपुर जैसे टियर-2 शहर में आयोजित हो रही है। इसमें 30 देशों से 200 से अधिक स्टार्टअप, करीब 10 हजार उद्योगपति, 500 से ज्यादा निवेशक और 100 से अधिक वैश्विक वक्ता शामिल होंगे। तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में स्टार्टअप्स को 200 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग मिलने की उम्मीद है।

**पहली बार पैन IIT राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन :** पैन आईआईटी ने अपने पहले पैन आईआईटी राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन की घोषणा की है, जो 1 नवम्बर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में होगा। शिखर सम्मेलन भारत में एआई और नवाचार के माध्यम से तकनीकी परिवर्तन को गति देने पर केंद्रित रहेगा।

**जयपुर स्मार्ट सिटी लि. कराएगी** मंडावा, खाटूश्यामजी, भिवाड़ी, अलवर, बीकानेर, भरतपुर में विकास

# 6 शहरों को स्मार्ट बनाने की जिम्मेदारी सौंपी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अब केवल राजधानी तक सीमित नहीं रहेगी। राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट एंड फाइनेंस कॉरपोरेशन ने जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को प्रदेश के छह प्रमुख शहरों मंडावा, खाटूश्यामजी, भिवाड़ी, अलवर, बीकानेर और भरतपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप स्वीकृति दी गई है। इसके तहत छह प्रमुख शहरों में 330 रुपए करोड़ से अधिक की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे।

राजस्थान सरकार ने जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को इन शहरों में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में कार्य करने का दायित्व सौंपा है। इसके तहत संस्था मास्टर प्लानिंग, डिजाइनिंग, मॉनिटरिंग, तकनीकी सलाह और कार्य निष्पादन की निगरानी करेगी। इनमें मंडावा में 30 करोड़, खाटूश्यामजी में 30 करोड़, भिवाड़ी में 50 करोड़, अलवर में 60 करोड़, बीकानेर में 80 करोड़ और भरतपुर में 80 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे।





### जयपुर के प्रोजेक्ट ही पूरे नहीं कर पाए

राजस्थान सरकार ने बजट घोषणा के अनुरूप प्रदेश के 6 शहरों को और बेहतर बनाने के लिए इस प्रोजेक्ट से जोड़ा है। ऐसे में अगले कुछ महीनों में ही धरातल पर स्मार्ट सिटी जयपुर लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट प्लान तैयार कर काम शुरू करना होगा। वहीं बता दें कि जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड जयपुर के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े विकास कार्यों को अब तक पूरा नहीं कर पाई है। ऐसे में इसकी लचर कार्यप्रणाली और सीईओ डॉ. निधि पटेल की कार्यशैली को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

**सड़क, सीवर, ड्रेनेज और बिजली नेटवर्क जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर से होंगे काम :** इन शहरों में सड़क, सीवर, ड्रेनेज और बिजली नेटवर्क जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कामकाज के काम होंगे। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, ओपन डंप खत्म करने जैसे कार्य शामिल हैं। साथ ही 24x7 जलापूर्ति, वर्षा जल संचयन, ट्रीटेड वाटर का पुनः उपयोग होगा। सेंसर आधारित सिग्नल, स्मार्ट पार्किंग, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुधार, साइकिल ट्रैक, सोलर प्रोजेक्ट, प्रदूषण नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, ऑनलाइन शिकायत निवारण, वाई-फाई जोन जैसे कार्य भी शामिल हैं।

### राज्यपाल बोले- भारतीयों से चल रही अमेरिका की सिलिकॉन वैली, ट्रंप को झुकना पड़ा

**जयपुर।** राज्यपाल बुधवार को दो दिवसीय कोटा दौरे पर आए हैं। वे सुबह 11 बजे राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण हरिभाऊ बागड़े के मुख्य आथित्य में हुआ। इस दौरान बागड़े ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप को परमिट राशि पर फैसला वापस लेना पड़ा। यह भारतीयों के दम और तकनीक की जानकारी से हुआ। उन्हें इसके चलते ही झुकना पड़ा। भारतीय स्टूडेंट्स व तकनीक के जानकार ही विदेशी व मल्टीनेशनल कम्पनियों को चला रहे हैं। यूएसए की सिलिकॉन वैली को भी चला रहे हैं। भारत के स्टूडेंट अमेरिका जाकर पढ़ाई कर रहे हैं और वहां की कंपनियों में जॉब के साथ उन्हें आगे बढ़ा रहे हैं।

### संसद में सवाल पूछने में मदन राठौड़ नं.1, सोनिया फिसड्डी


**जयपुर।** संसद में मानसून सत्र को लेकर राजस्थान के सांसदों का रिपोर्ट कार्ड सामने आया है। सदन में पूछे गए सवालों के आधार पर जारी सूची में राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ नंबर एक नंबर पर हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा 57 सवाल पूछे। वहीं राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया और सोनिया गांधी का खाता भी नहीं खुल सका। इन दोनों ने एक सवाल भी नहीं पूछा। राजस्थान के भाजपा सांसदों में से सबसे कम 12 सवाल सीपी जोशी ने पूछे हैं। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक मानसून सत्र में कुल 32 दिनों में 21 बैठकें हुई थी। संसद के दोनों सदनों को मिलाकर राजस्थान में 35 सांसद हैं। इसमें 25 लोकसभा और 10 राज्यसभा सांसद हैं। मानसून सत्र में मदन राठौड़ ने कुल



57 प्रश्न पूछे।वहीं जालौर-सिरोही के लोकसभा सांसद लुंबाराम चौधरी दूसरे नंबर पर (44 सवाल) और उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत और पाली सांसद पीपी चौधरी तीसरे नंबर पर (41 सवाल) रहे। राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और चुन्नीलाल गरासिया ने एक प्रश्न भी नहीं पूछा। बांसवाड़ा-डूंगरपुर के सांसद राजकुमार रोत ने 19 सवाल पूछे। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के बाद 40 से ज्यादा सवाल पूछने वालों में लुंबाराम चौधरी, मन्नालाल रावत और पीपी चौधरी शामिल रहे।

## ब्रीफ खबरें

### पुष्कर मेले का आगाज आज, नगाड़ा वादन में बनेगा रिकॉर्ड



**अजमेर।** अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला 2025 का विधिवत आगाज गुरुवार को होगा। मेला ग्राउंड पर पूजा के बाद उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ध्वजारोहण करेंगी। इससे पहले जगत पिता ब्रह्मा मंदिर में पूजन होगा। डिप्टी सीएम दीया और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत मौजूद रहेंगे। 5 नवंबर तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद के साथ पशुओं की प्रतियोगिताएं होगी। पशुपालन विभाग में संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि मंत्री रावत गुरुवार सुबह ब्रह्मा मंदिर में पूजा करेंगे। स्थानीय नागरिकों के साथ सांस्कृतिक यात्रा के रूप में मेला मैदान पहुंचेंगे, जहां पूजा के बाद ध्वजारोहण से मेले का आगाज होगा। पहली बार 101 नगाड़ों का वादन होगा। अद्‌त नगाड़ा वादन की प्रस्तुति को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए संस्था के अधिकृत अधिकारी मौजूद रहेंगे। ये रिकॉर्ड दर्ज कर प्रमाण पत्र सौपेंगे। पर्यटन विभाग पर्यटकों के लिए प्रतियोगिताएं कराएगा। घीया ने बताया कि 4,849 पशु मेले में आ चुके हैं। इनमें 3028 अश्व और 1,420 ऊंट हैं। पशुओं की प्रतियोगिता 2 नवंबर से होगी। 4 नवंबर को ऊंट की नस्ल प्रतियोगिता होगी। मेला अनौपचारिक रूप से 22 अक्टूबर से चल रहा है, विधिवत शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी। गत वर्ष से कम पशु नजर आ रहे हैं। इनमें ऊंटों की संख्या आधी रह गई।

### रतनगढ़ में हुआ अपनाघर का सेवा विस्तार, प्रभुजनों का प्रवेश शुरू



**भरतपुर।** भरतपुर स्थित अपना घर संस्था ने समाज के असहाय निराश्रित व मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजनों की सेवा को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष दो नए आश्रमों का शुभारम्भ किया है। अपनाघर संस्था के सचिव बसंतलाल गुप्ता ने बताया कि नए शुरू हुए आश्रमों में पहला उत्तरप्रदेश के आगरा में माता-बहनों के लिए और दूसरा आश्रम चूरू के रतनगढ़ में चाचा-भैया व दादा प्रभुजनों के लिए है। दोनों आश्रमों की आवासीय क्षमता 50-50 बेड की है। दोनों ही आश्रमों में प्रभुजनों का प्रवेश शुरू हो गया है। अगले माह 30 नवम्बर को हरियाणा के अंबाला में एक और नया आश्रम शुरू होगा। सेवा विस्तार की दृष्टि से यह वर्ष महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सिद्ध हो रहा है। पिछले 10 माह में अभी तक 7 नए आश्रम शुरू हो चुके हैं, जो महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में संचालित हैं। अब संस्था के आश्रमों की संख्या बढकर 69 हो गई है। संस्था की स्थापना से लेकर अब तक नए आश्रमों के खुलने के क्रम में यह वृद्धि सर्वाधिक है।

### दिन में मांगी पुलिस सुरक्षा, रात में हो गई हत्या, पत्नी से था विवाद



**अजमेर।** यहां पुष्कर में एक ऐसे व्यक्ति की हत्या हो गई, जो दिन में अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस सुरक्षा की मांग कर रहा था। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से हमले के निशान मिले हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। फिर पोस्टमार्टम के लिए पुष्कर के राजकीय अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, कल ही व्यक्ति ने अपने पिता के साथ पुलिस के पास जाकर शिकायत करते सुरक्षा की मांग की थी। पुलिस के मुताबिक, कड़ेल पंचायत के डुंगरिया कला गांव निवासी 50 वर्षीय नंदाराम मेघवाल मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहा था। लंबे समय से अपने बीवी-बच्चों से इसका विवाद चल रहा था, जिससे तनाव की स्थिति बनी हुई थी। उसकी बीवी बच्चों के साथ पुष्कर में रहती है, जबकि नंदाराम डुंगरिया कला में ही रहता था। अपने साथ अनहोनी की आशंका के चलते नंदाराम ने कल (मंगलवार) ही पिता मंगाराम के साथ जाकर पुष्कर थाने में सुरक्षा की गुहार लगाई थी। इसके बाद मंगलवार-बुधवार की रात को नंदाराम की हत्या कर दी गई। मृतक के पिता मंगाराम ने बताया कि कल उसके बेटे ने अनहोनी की आशंका जताई थी तो उन्हींने अपने बेटे को अपने साथ बासनी चलने को कहा, लेकिन बेटे ने कहा कि पुलिस जांच के लिए घर आ सकती है। इसलिए उसका घर में रहना जरूरी है।

### विश्व का सबसे छोटा सोने का ओम और झंडा भागवत को करेंगे भेंट



**उदयपुर।** दक्षिणी राजस्थान के सूक्ष्म शिल्प कलाकार डॉ। इकबाल सक्का ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक नायाब तोहफा बनाया। इसे वह जल्द ही संघ प्रमुख मोहन भागवत को देंगे। इस तोहफे में संघ का केसरिया झंडा, ओम, काली टोपी, डंडा और दीपक जैसी सूक्ष्म कलाकृतियां शामिल हैं। इन पांचों चीजों का आकार 1 मिलीमीटर है, जिसे लेंस की मदद से ही अच्छे से देखा जा सकता है। स्वर्ण शिल्पी वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर इकबाल सक्का ने लेंस की मदद से देखे जाने वाली विश्व की सबसे छोटी सोने की कलाकृतियां बनाई हैं। इकबाल ने संघ की मुख्य निशानियां के मॉडल बनाए हैं, जिनमें ओम, केसरिया झंडा, काली टोपी, डंडा व दीपक शामिल हैं। डॉ. इकबाल ने बताया कि शताब्दी वर्ष की खुशी में बनाई एक-एक मिलीमीटर की इन कलाकृतियों को आरएसएस के संघ सर संचालक मोहन भागवत को भेंट करेंगे। उन्होंने बताया कि इन कलाकृतियों की छोटी साइज के चलते इसे विश्व रिकॉर्ड में भी शामिल किया जा सकता है।

---

## 69वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू, बालिकाओं की 41 और बालकों की 44 टीमें शामिल

# खेलों के विकास के लिए सरकार संकल्पित- बेढ़म

**FAIR REPORT**
**भरतपुर**

69वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (14 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग) प्रतियोगिता का शुभारम्भ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को लोहागढ़ स्टेडियम में ध्वारोहण के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि बेढ़म ने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, अपने सपनों को साकार करने के लिए सभी खिलाड़ी खेलों को खेल की भावना से खेलते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करें। गृह राज्यमंत्री बेढ़म ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में खेलों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। खेलों में हार जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। विजेता खिलाड़ी को नए लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए, वहीं असफल रहने वालों को नई सीख के साथ तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खिलाडियों के प्रोत्साहन के लिए स्कूली स्तर से लेकर ओलम्पिक स्तर तक भाग लेने वाले युवाओं को अनेक सुविधाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में उत्कृष्ट खिलाडियों को आउट ऑफ टर्म नियुक्ति दी जा रही है, नए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं।



### खेल अकादमी की होगी स्थापना

मंत्री ने कहा कि जिलेवार खेलों की परम्पराओं को देखते हुए अकादमी स्थापित की जा रही हैं। वर्तमान में आईटी के युग में युवाओं को प्रारंभिक स्तर पर खेलों के लिए प्रेरित करना होगा तभी जाकर अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। शिक्षाविद् सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि खिलाड़ी यहां से अच्छी स्मृति लेकर जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूली स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में आवश्यकता को देखते हुए बजट बढ़ाया जाए। आयोजन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चतुर्वेदी ने स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रदेश से 41 बालिका टीम, 44 बालक वर्ग टीम के 893 खिलाड़ी तथा 250 प्रभारी शिक्षिक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर एडीएम सिटी राहुल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, सीडीओ अनित कुमार, शा.शि. विजय सिंह, डॉ. अशोक सिंह, केदार बारां आदि मौजूद रहे।

---

## शहनाई से दो दिन पहले घर में छाया मातम, मच गया कोहराम

# बजरी ट्रक ने महिला को रौंदा, तड़पकर मौके पर ही तोड़ा दम

**जागो इंडिया जागो**
**टोंक**

जिले में बजरी के ट्रकों और ट्रेलरों से होने वाले हादसों पर लगाम नहीं लग रही। बुधवार को एक तेज रफ्तार बजरी से भरे ट्रेलर ने एक परिवार की शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। यह हादसा टोंक जिले के निवाई में नेशनल हाइवे 52 पर हुआ। जहां एक महिला को बजरी भरा ट्रक रोदता हुआ चला गया। यह दर्दनाक हादसा नेशनल हाईवे-52 (NH-52) पर निवाई बाईपास के पास हुआ। जिले के गोविंदपुरा थूणी की रहने वाली अनिता गुर्जर अपने पति के साथ, 2 नवंबर को होने वाली भतीजी की शादी के कार्ड बांटने के लिए निवाई आई थी। अचानक सामने से आए तेज रफ्तार बजरी भरे एक ट्रक उसे रौंदकर चला गया। इससे मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई।



**ट्रेलर चालक हुआ मौके से फरार**

घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। उसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिसपर पुलिक को घटना की सूचना दी गई। जिसपर घटनास्थल पर पंहुची पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए निवाई अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### कार्ड बांटने जाते वक्त हुआ हादसा

मामले को लेकर थानाधिकारी रामजी लाल ने बताया कि कार्ड बांटने जाते वक्त बजरी से भरे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पैदल सड़क पर चल रही अनिता गुर्जर को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही निवाई डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा और थानाधिकारी रामजी लाल मय जाब्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही बताया की मामला अज्ञात के खिलाफ दर्ज करते हुए फरार ड्राइवर की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। वहीं शादी के घर में इस मौत से मातम छा गया। निवाई पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के परिवार में पति देवराज, जेठ और तीन विवाहित बहनें हैं। उसके दो बेटे हैं।

### दुकान में हुआ भीषण विस्फोट, दुकानदार की मौत



**खेतड़ी।** कस्बे के निजामपुर मोड़ पर मंगलवार देर रात हार्डवेयर की दुकान में भीषण विस्फोट से दहशत फैल गई। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि दुकान का लोहे का शटर करीब 60 फीट और दुकानदार करीब 20 फीट दूर सड़क पर जा गिरा। दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के वक्त दुकानदार दुकान में सो रहा था। थानाधिकारी कैलाश चंद ने बताया कि ब्लास्ट की सूचना पर जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचा। जेसीबी की सहायता के दुकान के मलबे से एक शव निकाला, जो दुकानदार का था। पपूरना निवासी दुकानदार मृत मिला। शव खेतड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब दो बजे धमाका हुआ। आसपास का इलाका दहल गया। लोगों ने हार्डवेयर की दुकान से धुआं और लपटें उठती देखी। धमाके की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि कई दुकानों के शीशे टूट गए।

---

## पाक विस्थापित युवक हत्याकांड का खुलासा, शिकंजे में आए 2 गुनहगार

**FAIR REPORT**
**जोधपुर**

पुलिस ने माता का थान थाना क्षेत्र ने रविवार रात को हुई कार मैकेनिक विजय कुमार (22) की हत्या का खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के मामले में दो भाइयों को गिरफ्तार किया। हत्या की वजह मृतक विजय का अपने पड़ोसियों के साथ एक महिला को लेकर विवाद चल रहा था। पूछताछ में दोनों ने महिला विवाद को लेकर विजय की हत्या करने की बात कबूल की। एसीपी (मंडोर) नगेंद्र कुमार ने बताया कि हत्याकांड में सनी बालाच (23) पुत्र माखनराम और साजन (25) पुत्र बीरबल राम मेघवाल को दस्तयाब किया। पूछताछ में दोनों ने हत्या कबूल ली



तो दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। ये सभी पाकिस्तान से आए हुए हैं। मृतक को भारतीय नागरिकता मिल चुकी थी। एसीपी नगेंद्र ने बताया कि विजय फोन पर किसी महिला को मैसेज करता था। इसे लेकर परिवार व पंचायत स्तर पर लड़की के घरवालों ने उसे समझाया था, लेकिन वह नहीं माना। रविवार रात विजय घर पर अकेला था। इसका फायदा उठाते हुए आरोपियों ने विजय को मार दिया। पुलिस के अनुसार, सन्नी ने अपने ताऊ के बेटे साजन के साथ मिलकर विजय की हत्या की साजिश रची। रविवार को विजय घर में अकेला था। माता-पिता फलोदी गए थे।

## स्कूली छात्र की मौत के बाद मचा हंगामा, मांगा 50 लाख का मुआवजा

**FAIR REPORT**
**अजमेर**

जिले के एक गांव में एक स्कूल बस से कुचलकर एक छात्र की मौत पर बुधवार को भारी हंगामा हुआ। 28 अक्टूबर को झाडोल तहसील के नामली गांव में 4 साल के एक मासूम छात्र चित्रराज की अपने ही स्कूल की बस से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे के लिए मृत छात्र के परिवार वालों ने स्कूल और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि अगर समय पर उचित उपचार मिलता तो शायद बच्चे की जान बच जाती। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में बच्चे को स्थानीय अस्पताल में उचित



उपचार नहीं मिल सका। दुर्घटना के बाद कल गांव में बड़ी संख्या में लोग जुट गए थे। हॉस्पिटल के बाहर राजपूत समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया, जिसमें करणी सेना के पदाधिकारी भी शामिल हुए। प्रदर्शन में शामिल करणी सेना, उदयपुर के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह चुंडावत ने कहा कि इस हादसे के लिए मृत छात्र के परिवार के सदस्य को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए, साथ ही परिवार के एक सदस्य को एक सरकारी नौकरी दी जाए तथा स्कूल में भी एक सदस्य को नौकरी दी जाए। तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया।

---

## विधायक श्रीचंद कृपलानी ने दी 13 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

# निंबाहेड़ा विधानसभा में विकास की नई दिशा

**FAIR REPORT**

**निंबाहेड़ा।** निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई लहर लाते हुए पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने क्षेत्रवासियों को 13 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर उन्हें जनता को समर्पित किया। कृषि उपज मंडी निंबाहेड़ा में आयोजित भव्य समारोह में विधायक कृपलानी ने किसानों की सुविधा के लिए 3 करोड़ रुपये की लागत से एक नवीन डॉम के निर्माण की घोषणा की। समारोह में पूर्व विधायक अशोक नवलखा,




भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गायरी, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक कृपलानी ने कहा कि निंबाहेड़ा विधानसभा में विकास कार्यों की निरंतर श्रृंखला जारी है। हर गांव, वार्ड और बस्ती तक जनसुविधाएं पहुंचाना और जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का माध्यम है, और इसी सोच के साथ क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत के जिन कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ, उनमें प्रमुख रूप से — कृषि उपज मंडी में 2.97 करोड़ रुपये की लागत से सेल्फ सपोर्टिंग डोम, 1.81 करोड़ रुपये की सीसी पेवमेंट सड़कें, 2.04 करोड़ रुपये की सीसी सड़क, 55 लाख रुपये का किसान कलेवा भवन, 66 लाख रुपये की बाउंड्री वॉल सहित कई अन्य कार्य शामिल हैं।

कार्यक्रम में व्यापारियों ने मंडी परिसर में किसानों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने की मांग रखी, जिस पर विधायक कृपलानी ने 80 फीट × 200 फीट साइज के 3 करोड़ रुपये के नवीन डॉम के निर्माण की घोषणा की। उपस्थित किसानों और व्यापारियों ने इस घोषणा पर उनका आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में विधायक कृपलानी ने जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में भी कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें एनएचएम-पीआईपी योजना के तहत 4.50 करोड़ रुपये की लागत से चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ आवास निर्माण कार्य, श्री सेवा संस्थान और आईडीबीआई बैंक के सहयोग से विभिन्न आधुनिक मशीनों की स्थापना शामिल है। लोकार्पण कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी विकास पंचौली, पीएमओ डॉ. राघव सिंह, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. हरिओम तुर्किया सहित बड़ी संख्या में चिकित्साकर्मी और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने विधायक कृपलानी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इन सुविधाओं से आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी।कार्यक्रम के अंत में विधायक कृपलानी और अतिथियों ने चिकित्सक आवास भवन परिसर में वृक्षारोपण कर "हरियालो राजस्थान" अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में बड़ी संख्या में नगरवासी, भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे जिन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक कृपलानी का आभार जताया।

# Fire breaks out at ration shop in Jaipur

## Kerosene drums explode as blaze spreads, fire team douses flames in time to prevent major explosion

FAIR REPORT

**Jaipur:** A massive fire broke out in a government ration shop located on the ground floor of a three-storey residential building in Jaipur's Galta Gate area on Wednesday evening. The shopkeeper initially tried to extinguish the flames but failed and fled from the scene. The fire spread rapidly, causing kerosene drums stored inside the shop to explode.Police and fire brigade teams were immediately called to the spot. Around eight nearby houses were evacuated as a precaution. The fire was eventually brought under control after about 30 minutes of effort, preventing a potential disaster.



### Flames spread through three-storey building

Local resident Nafees said the fire started around 6:30 PM in a ration shop located beneath a three-storey house in Nanki Ka Chauraha Colony. When the fire broke out, the shopkeeper was inside but ran away when he could not control it. Residents tried to douse the flames using water, but the fire intensified instead. Kerosene drums began exploding, causing panic in the area. People immediately alerted the police and fire brigade.

### Houses evacuated as roof collapses

Police officers arrived and evacuated nearby houses to ensure safety. The fire was so intense that the roof of the shop was damaged, and a portion of it collapsed.After the flames were doused, locals helped remove burnt goods from the shop. The upper floors were occupied by tenants, where seven LPG gas cylinders were found in four rooms. Officials said a major explosion could have occurred if the fire had reached these cylinders.

### Fire brigade prevents major tragedy

Deputy Controller of Civil Defence Amit Sharma said the control room received information about the fire at 6:21 PM. Initially, reports suggested the fire was caused by a liquid substance. Upon investigation, it was found that kerosene was the main cause. Firefighters reached the location quickly, secured the area, and began firefighting operations. Sharma confirmed that no one was injured in the incident.

### Police investigation underway

The police are now investigating how the fire started. They are also searching for the shopkeeper, who fled after the flames spread. The authorities are assessing the damage and ensuring the safety of nearby residents.

# Food Safety Department Cracks Down on Misleading Drinks Sold as ORS

### Over 193,000 milliliters of beverages seized; authorities warn against deceptive products

FAIR REPORT




**JAIPUR:** In a major action under the Rajasthan government's "Shuddh Aahar – Milawat Par Vaar" (Pure Food – Strike on Adulteration) campaign, the Food Safety Department of Rajasthan has seized a large quantity of beverages misleadingly marketed as ORS (Oral Rehydration Solution). The operation was carried out under the directions of Dr. T. Shubha Mangala, Commissioner of Food Safety and Drug Control, Rajasthan, and led by Dr. Ravi Shekhawat, Chief Medical and Health Officer, Jaipur-I.

Officials received multiple complaints that several ready-to-serve fruit beverages and electrolyte drinks were being sold under names resembling "ORS," available in different flavors. These products were being presented in a way that misled consumers into believing they were genuine ORS formulations used to treat dehydration or diarrhea, while in reality, they were merely flavored fruit drinks. During the inspection, the team raided Indian Pharma Sales, located at Gali No. 8, Raja Park, Jaipur, and collected samples of five flavored beverages for testing under the Food Safety and Standards Act. The remaining 193,200 milliliters of the misleading products were seized on-site.

Food Safety Officers Vinod Kumar Sharma, Vishal Mittal, Naresh Kumar Chejara, Narendra Sharma, and Pawan Kumar Gupta played a commendable role in the operation. The department has urged the public to check the packaging carefully when purchasing ORS. Consumers should look for the labels 'WHO Formula ORS' or 'Oral Rehydration Salt Solution' to ensure authenticity and avoid products that could compromise health.

### Jaipur Heist Shock: ₹14 Lakh Gold Looted from Car Outside Dhaba in Muhana Mandi

**Jaipur**: In a dramatic late-evening theft that has sent shockwaves through Jaipur's business circles, gold jewellery worth 14 lakh was stolen from a car parked outside Jain Khandelwal Dhaba on Muhana Mandi Road. The audacious crime took place around 9:25 PM on October 24, when thieves smashed the window of a Hyundai i10 (RJ45 CH 2188) belonging to Amit Goyal, a resident of Manglam Residency. According to the FIR filed at Muhana Police Station, the victim had parked his car for a brief stop when the culprits struck, executing a swift and calculated break-in. The jewellery, reportedly kept in the rear compartment, was missing within minutes. Acting swiftly, Sub-Inspector Devi Shay registered the case under Section 379 of the IPC and assigned Assistant Inspector Ramchandra to lead the investigation.

### Chittorgarh Police Cracks Major Burglary Case

# One Accused Arrested from MP, Two Identified

FAIR REPORT




**Chittorgarh:** Chittorgarh Police achieved a major breakthrough in curbing night-time burglaries targeting locked houses in the city. The Sadar Police Station team has solved two house burglary cases, arresting one accused from Madhya Pradesh and identifying two others involved.

Superintendent of Police Manish Tripathi said that on October 13, complainant Maya Kumar Joshi, a resident of Civil Lines (behind Vision College, Bojunda, Chittorgarh), lodged a report stating that on October 11, she had gone to her native village Kareda (Bhilwara) for household work. During her absence, unknown persons broke the locks of her house and stole gold jewellery and cash. A case was registered and investigation began immediately. Under the guidance of Additional SP Sarita Singh, supervision of DYSP Vinay Kumar Choudhary, and leadership of Station House Officer Niranjan Pratap Singh, a special team was formed. The team included ASI Jagveer Singh and constables Gajendra Singh, Balwant Singh, Vinod Kumar, and Padam Kumar. They examined over 40 km of CCTV footage and collected key evidence to identify the suspects. The Cyber Cell, led by Head Constable Rajkumar and Constable Ramavatar, played a crucial role in tracing the accused using technical surveillance. Police arrested Raj Singh (25), son of Satnam Singh Chawla, a resident of Singhana, Manawar Police Station, Dhar District, Madhya Pradesh. The accused already has a previous case registered under the Arms Act. During interrogation, the accused confessed not only to the two burglary incidents under Sadar Police Station but also to another major burglary of 11 lakh in the Kotwali area of Chittorgarh.

### Objection Resolution for Chief Minister Anuprati Coaching Scheme Applications to Conclude on October 30

FAIR REPORT

**JAIPUR:** The Department of Social Justice and Empowerment has announced that the final date for resolving objections under the Chief Minister Anuprati Coaching Scheme (2025–26) is October 30, 2025. Deputy Director of the department, Jitendra Kumar Sethi, informed that all candidates who received objections on their application forms must resolve them by the specified deadline to ensure their eligibility for the next phase of the scheme. He further clarified that no corrections or resolutions submitted after October 30 will be accepted, and the entire responsibility for compliance rests with the concerned applicants.

## 'Give Up' Campaign Extended Till October 31 to Remove Ineligible Beneficiaries from Food Security List

FAIR REPORT

JAIPUR: The Rajasthan Department of Food and Civil Supplies has extended the "Give Up" campaign till October 31, 2025, offering one final opportunity for ineligible beneficiaries to voluntarily remove their names from the state's Food Security List.

The campaign, which began on November 1, 2024, aims to identify and exclude families that no longer qualify for subsidized food benefits. These include households where any member is a government, semi-government, or autonomous body employee, a pensioner receiving over 1 lakh annually, families with a total annual income exceeding 1 lakh, income tax payers, or owners of private four-wheelers.

Originally scheduled to end on August 30, 2025, the campaign has been extended due to its overwhelming public response and success, according to the department. Individuals who fail to voluntarily withdraw by October 31 will face penalties and recovery actions. The fine will be calculated at 27 per kilogram of food grain received since the date of inclusion in the list, along with applicable interest charges. Jaipur District Collector has directed all Sub-Divisional Officers (SDOs) to actively encourage such ineligible individuals to withdraw through Gram Vikas Officers, Patwaris, and Fair Price Shop dealers. Application forms for removal have been made available at all fair price shops in the district, and individuals can also submit requests online at food.rajasthan.gov.in. As of October 24, 2025, a total of 2,70,725 individuals have been voluntarily removed from the Food Security List under the "Give Up" initiative in Jaipur district. Additionally, notices have been issued to 3,726 ineligible beneficiaries who are yet to remove their names, directing them to comply before the final deadline.

# Kotwali Police Nab Four Burglars, Seize Tempo Used in Thefts Case Cracked After Scanning Over 100 CCTV Cameras

FAIR REPORT
MANISH MALANI

**Chittorgarh:** For the past few weeks, the quiet nights of the city were disturbed by whispers of thefts. Shop shutters were being broken, and police teams were chasing faint leads. Finally, Kotwali Police busted the gang behind these planned burglaries. Four notorious thieves have been arrested, and the tempo used in the thefts has also been seized. On the night between October 13 and 14, the shutter of Anand Super Market on Bhilwara Road was lifted halfway — and four silhouettes slipped inside. Within minutes, goods and cash worth nearly 2.5 lakh were stolen. But the story didn't end there — the stolen items were hidden behind a nearby dairy. Meanwhile, a few gang members kept roaming in a tempo to keep watch on police patrols.



Interestingly, the auto they used had no number plate, making its identification extremely difficult for the police. The lookout members messaged their partners inside — "The way is clear, move out." As planned, they loaded everything onto the tempo and disappeared into the darkness. Accused Nishar Mohammad drove a CNG auto during the day — but that was just his cover job. Under the guise of carrying passengers, he conducted recces around the city, spotting shops and empty houses. At night, he joined Imran alias Irfan Mohammad, Abhishek Damami, and Jagdish Jatia to execute the thefts. Before every operation, the entire gang switched off their mobile phones so their locations couldn't be traced later — a smart move that initially left police with no electronic trail.

### 100 CCTV Cameras, Body Language, and Gait Revealed the Clue

Under the leadership of SHO Tulsiram, the police team scanned over 100 CCTV cameras — frame by frame. They matched suspect appearances, walking styles, clothing, and vehicle movements to finally identify the culprits. Sources revealed that within just two days of forming the team, Constable Prahlad spotted a suspicious figure in one of the footages and immediately sensed the pattern behind the crime. However, SHO Tulsiram decided to wait and trap the entire gang at once, which took a few more days of careful surveillance. Eventually, the police detained all four suspects, who later confessed to four major burglaries in the city.

### Four Major Thefts Solved

- During interrogation, the accused admitted to four major incidents:
- Anand Super Market, Bhilwara Road — goods and cash worth lakhs stolen,
- puranmal Menaria's house, Nagar Palika Colony — burglary in an empty house.
- Harimohan Saxena's house, Sengwa Housing Board — silver ornaments and a laptop stolen.
- Pinky Singh's residence, Panchwati, Pratapnagar — cash and jewelry looted.

### Team Effort that Set an Example

This success came under the supervision of ASP Sarita Singh and DSP Vinay Chaudhary, with key contributions from ASI Navrangalal, constables Prahlad, Sunil Kumar, Rajkumar, Hariram, and Harphool.

Constables Prahlad and Sunil Kumar have been called the "backbone of the case" for connecting every CCTV frame meticulously.

Chittorgarh Police didn't just crack a theft case — they proved that systematic investigation is the best answer to systematic crime.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com